

eurship and Employment
English
Guest Speaker
College,K
2026
College
VIKRAMAJIT SINGH SANATAN DHARAM COLLEGE, KANPUR
A Special Talk
Learn, Launch & Lead
Reimagining Education, Entrepreneurship and Employment
Department of English
Placement Cell V.S.S.D. College, Kanpur
THE REFLECTIONS
Guest Speaker
Prof. Prabha Shankar Shukla
Vice Chancellor


KANPUR
A Special Talk
on
Learn, Launch & Lead
Reimagining Education, Entrepreneurship and Employment
Organized by
Department of English
in collaboration with
Guest Speaker
CA Neetu Singh
Secretary
Board of Management
Guest Speaker
Prof. Prabha Shankar Shukla
Vice Chancellor



VIKRAMAJIT SINGH SANATAN DHARMA COLLEGE,
KANPUR
A Special Talk
on
Learn, Launch & Lead
Reimagining Education, Entrepreneurship and Employment
Organized by
Department of English
in collaboration with
Guest Speaker
Shankar Shukla
Shillong
THE REFLECTIONS


KANPUR
A Special Talk
on
Learn, Launch & Lead
Reimagining Education, Entrepreneurship and Employment
Organized by
Department of English
in collaboration with
Placement Cell V.S.S.D. College,Kanpur
Date: 7th Feb, 2026
Time: 12:00 Noon
Venue: Moot Court, V.S.S.D. College, Kanpur
Patron
CA Neetu Singh
Secretary
Guest Speaker
Prof. Prabha Shankar Shukla
Vice Chancellor
NEH University, Shillong
VIKRAMAJIT SINGH SANATAN DHARAM COLLEGE, KANPUR
V.S.S.D-LAW/C.C.339


DEPTT. OF LAW- V.S.S.D. COLLEGE
भारत का


DEPTT. OF LAW-V.S.S.D. COLLEGE

# ... इतिहास



## प्रो. विनय पाठक : भविष्य की जरूरत पर विकास

कुलपति ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संस्थान केवल अतीत की उपलब्धियों पर नहीं, बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं पर केंद्रित होकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नवाचार, अनुसंधान और कौशल-आधारित शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

## ...ुंदरकांड

...ध्या पर परिसर के ... संगीतमय पाठ ...मिल हुए। दीन ...ाचार्य डॉ श्रवण ... आचार्य सतीश के ...का पाठ किया। ... भक्तिमय हो ... कहा विश्वविद्यालय ...क्रम से सभी को ...कज मिश्रा, चंद्रिका ... उपस्थित रहे।

## ...य की दिशा

...र संभावनाओं से ... में स्थापित यह ...ी रैंकिंग, नैक ए ...एक भविष्य-केंद्रित

## अतीत : वीएसएसडी आए थे सर रमन



सीएसजेएमयू में सीवी रमन अनुसंधान अनुदान योजना के तहत इस बार 60 शोध परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। भौतिकी के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार विजेता सर सीवी रमन का कानपुर विश्वविद्यालय से भी गहरा जुड़ाव रहा है। फरवरी 1970 में सर सीवी रमन छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से संबद्ध विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज (वीएसएसडी में एक समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आए थे। उन्होंने कहा था कि विज्ञान केवल पुस्तकों में नहीं, बल्कि प्रयोगशाला और प्रकृति के अवलोकन में जीवित रहता है। रमन प्रभाव की खोज का अनुभव साझा किया था।

## डॉ. एएस प्रसाद: शिक्षा से ...

वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. ए. एस. ... में सीएसजेएमयू से उनका संबंध अत्य... विश्वविद्यालय में प्राप्त शिक्षा, अनुशास... सोच, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा... तक की यात्रा यहीं से की।

## डॉ. अतुल कपूर: शोध व स्वास्थ्य का समन्वय

रीजेंसी हॉस्पिटल के संस्थापक एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अतुल कपूर ने कहा कि सीएसजेएमयू विगत छह दशकों से उच्च शिक्षा, अनुसंधान और मानवीय मूल्यों के संवर्धन में महत्वपूर्... भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता और दृष्टि पर निर्भर करती है।

...बढ़ाया। वहीं प्रतिज्ञा मिश्रा ने विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी श्रेणी के अंतर्गत अरशद नफीस (बैचलर ऑफ आर्ट्स ऑनर्स, मनोविज्ञान, छठवां सेमेस्टर) और सौम्या मिश्रा (बैचलर ऑफ आर्ट्स, पत्रकारिता ए... जनसंचार, छठवां सेमेस्टर) चयनि... की गई हैं। अरशद ने 'सोल्जनीक'...

# ...ंस शिक्षकों को मिले कैशलेस इलाज...

# उच्च शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने पर जोर, वी.एस.एस.डी. कॉलेज में विशेष व्याख्यान





**कानपुर** - वी.एस.एस.डी. कॉलेज के अंग्रेजी विभाग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के मूट कोर्ट हॉल में ह्लर्न, लॉन्च एंड लीड: रिइमैजिनिंग एजुकेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड एम्प्लॉयमेंटह्व विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा, रोजगार एवं उद्यमिता के बदलते स्वरूप से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं महाविद्यालय प्रार्थना के साथ हुआ। अंग्रेजी विभाग के राजेश कुमार यादव ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उत्तर-पूर्वी पहाड़ी विश्वविद्यालय (ठएल्ख), शिलांग के कुलपति प्रो. प्रभा शंकर शुक्ल ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में उच्च शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न रखकर उसे उद्यमिता, नेतृत्व और रोजगार से जोड़ना समय की मांग है। उन्होंने विद्यार्थियों से आलोचनात्मक सोच, नवाचार और अनुकूलन क्षमता विकसित करने का आह्वान किया, ताकि वे वास्तविक जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वी.एस.एस.डी. कॉलेज की प्राचार्या प्रो. नीरू टंडन ने कहा कि समग्र और कौशल-आधारित शिक्षा ही विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार कर सकती है। उन्होंने कक्षा शिक्षण और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण के बीच की खाई को पाटने में ऐसे शैक्षणिक आयोजनों की महत्ता बताई। व्याख्यान के पश्चात संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने करियर विकास, उद्यमशील अवसरों और उच्च शिक्षा के भविष्य से जुड़े प्रश्न रखे, जिनका मुख्य अतिथि ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. प्रत्युष चंद्र ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. फातिमा अशना द्वारा किया गया।

# विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता करें विकसित

कानपुर। वीएसएसडी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त प्रयास से शनिवार को मूट कोर्ट हॉल में विशेष व्याख्यान आयोजित हुआ। इसका विषय लर्न, लॉन्च एंड लीड : रिमेनिंग एजूकेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड एम्प्लॉयमेंट रहा। मुख्य अतिथि उत्तर-पूर्वी पहाड़ी विश्वविद्यालय शिलांग के कुलपति प्रो. प्रभा शंकर शुक्ल ने विद्यार्थियों में नवाचार, नेतृत्व क्षमता और आलोचनात्मक चिंतन विकसित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने उच्च शिक्षा को रोजगार व उद्यमिता से जोड़ने पर बल दिया। प्राचार्या प्रो. नीरु टंडन ने कहा कि ऐसे आयोजन कॅरिअर उन्मुखी बनाने में मददगार हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने कॅरिअर और उच्च शिक्षा से जुड़े सवाल पूछे। यहां राजेश कुमार यादव, डॉ. फातिमा और डॉ. प्रत्युष चंद्र मौजूद रहे। (संवाद)

# व्याख्यान आयोजित

कानपुर। वीएसएसडी कॉलेज के अंग्रेज़ी विभाग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से मूट कोर्ट हॉल में ' लर्न, लॉन्च एंड लीड : रिमेनिंग एजूकेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड एम्प्लॉयमेंट ' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंग्रेज़ी विभाग के राजेश कुमार यादव द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में शिलांग विश्वविद्यालय ( केंद्रीय विश्वविद्यालय ) के कुलपति प्रो . प्रभा शंकर शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने उद्यमिता, नेतृत्व एवं रोजगार के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा पर पुनर्विचार की आवश्यकता पर बल दिया। संचालन डॉ . फ़ातिमा अशना द्वारा किया गया।

## वीएसएसडी कॉलेज में 'लर्न, लॉन्च एंड लीड' कार्यक्रम, प्रो. शुक्ल ने बताया सफलता का मंत्र

# युवाओं को अब 'जॉब क्रिएटर' बनना होगा

**भास्कर न्यूज़** | कानपुर



नवाबगंज स्थित वीएसएसडी कॉलेज में 'भविष्य की शिक्षा और रोजगार की चुनौतियां' विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। उत्तर-पूर्वी पहाड़ी विश्वविद्यालय (NEHU), शिलांग के कुलपति प्रो. प्रभा शंकर शुक्ल ने युवाओं को 'जॉब सीकर' नहीं, बल्कि 'जॉब क्रिएटर' बनने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सिर्फ किताबी ज्ञान से करियर नहीं बनेगा, शिक्षा को स्टार्टअप और उद्यमिता से जोड़ना होगा। यह व्याख्यान अंग्रेजी विभाग और प्लेसमेंट सेल की ओर से मूट कोर्ट हॉल में 'लर्न, लॉन्च एंड लीड' विषय पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और कॉलेज की प्रार्थना के साथ हुआ। अंग्रेजी विभाग के राजेश कुमार यादव ने स्वागत भाषण दिया और शिक्षा के पारंपरिक तरीकों में बदलाव की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो. प्रभा शंकर शुक्ल ने अपने संबोधन में शिक्षा, उद्यमिता और रोजगार के बीच के अंतर को स्पष्ट किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति और बदलते वैश्विक परिवेश में छात्रों के लिए 'क्रिटिकल थिंकिंग' यानी आलोचनात्मक सोच विकसित करने पर जोर दिया। प्रो. शुक्ल ने चिंता व्यक्त की कि कई युवा किताबी ज्ञान में तो निपुण होते हैं, लेकिन व्यावहारिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने में पीछे रह जाते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना (Adaptability) सीखना होगा। प्रो. शुक्ल ने बताया कि यदि युवा नवाचार और जोखिम लेने की क्षमता विकसित कर लें, तो वे न केवल अपने लिए रोजगार पैदा करेंगे, बल्कि दूसरों को भी काम देने में सक्षम बनेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रो. नीरू टंडन ने संस्थान की दूरदर्शिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा कराना नहीं है, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व में ऐसा बदलाव लाना है जिससे वे उद्योग की मांगों को समझ सकें। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन क्लासरूम की थ्योरी और फील्ड के व्यावहारिक अनुभव के बीच की खाई को पाटने के लिए किए जा रहे हैं।

# वी.एस.एस.डी. कॉलेज, कानपुर के अंग्रेज़ी विभाग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के मूट कोर्ट हॉल में "लर्न, लॉन्च एंड लीड रिमेनिंग एजूकेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड एम्प्लॉयमेंट" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया



राष्ट्रीय जजमेंट कानपुर नगर I अंग्रेज़ी विभाग के राजेश कुमार यादव द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम की विषयवस्तु पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया I मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर-पूर्वी पहाड़ी विश्वविद्यालय ( NEHU ), शिलांग (केंद्रीय विश्वविद्यालय) के माननीय कुलपति प्रो. प्रभा शंकर शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया I अपने उद्बोधन में प्रो. शुक्ल ने उद्यमिता, नेतृत्व एव रोजगार के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा पर पुनर्विचार की आवश्यकता पर बल दिया I उन्होंने विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन, अनुकूलन क्षमता तथा नवाचार के विकास को वास्तविक जीवन की चुनौतियों से निपटने हेतु अत्यंत आवश्यक बताया I अध्यक्षीय संबोधन वी.एस.एस.डी. कॉलेज, कानपुर की प्राचार्या प्रो. नीरू टंडन द्वारा दिया गया I उन्होंने समग्र शिक्षा के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कक्षा शिक्षण और रोजगारोन्मुखता के बीच की दूरी को पाटने में ऐसे अकादमिक आयोजनों की भूमिका पर बल दिया I सत्र का समापन एक संवादात्मक चर्चा के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने करियर विकास, उद्यमशील अवसरों तथा उच्च शिक्षा के भविष्य से जुड़े विभिन्न प्रश्नों पर मुख्य अतिथि से सार्थक संवाद किया I कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. प्रत्युष चंद्र द्वारा प्रस्तुत किया गया I उन्होंने मुख्य अतिथि, प्राचार्या, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया I कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी संचालन डॉ. फ़ातिमा अशना द्वारा किया गया, जिनके समन्वय से कार्यक्रम सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ